जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-31 | जयपुर, सोमवार, 21 अगस्त, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में आयोजित हुआ एक शाम भारत माता के नाम भजन संध्या व सम्मान समारोह





**जयपुर (हमारा वतन)।** कस्बे के गोविंदगढ़ में स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में एक शाम भारत माता के नाम भजन संध्या व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में 80 प्रतिशत से ऊपर के प्रतिभावान विद्यार्थियों, मेडिकल, इंजीनियरिंग, किसी भी खेल में मेडल विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों, वर्ष 2022-23 में सरकारी नौकरी लगने वालों, सैनिक, पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं , आशा सहयोगिनी व किसी विशेष क्षेत्र में अपनी सेवा से उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और सभी मातृशक्ति का सम्मान किया गया।

डॉ. श्रवण बराला का युवाओं ने गोविंदगढ़ में स्वाभिमान कार्यालय से लेकर कार्यक्रम स्थल तक भारतमाता के जयकारों और देशभक्ति नारी के साथ हजारों गाड़ियों के काफिले के साथ युवा जोश के साथ आए। सम्मान समारोह के संयोजक डॉ. श्रवण बराला ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों द्वारा शहर के बच्चों की तुलना में अपने आप को खड़ा करना एक चुनौती है। हमारे ग्रामीण परिवेश के छात्रों ने इन चुनौतियों को स्वीकार कर एक उदाहरण पेश किया है। अपने मुकाम को पाने के लिए आप नए नजरिए से सोचें तथा नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़े जहां जरूरत होगी वहां डॉ. श्रवण बराला खड़ा मिलेगा।

डॉक्टर बराला ने कहा कि सपने देखे और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें सफलता पाने की ठान ली जाए तो कोई ताकत तुम्हें पीछे नहीं कर सकती। डॉ बराला के हाथों जब सामान मिला तो छात्रों से ज्यादा उनके अभिभावक खुश नजर आए। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, मोमेंटो और मातृशक्ति साड़ी देकर सम्मान किया गया।। कार्यक्रम का मंच संचालन जेवीपी हरिराम किंवाड़ा ने किया। शाम को संत प्रकाश दास महाराज ने भजनों की मधुर सरिता बहायी।

## वृक्षमित्र डॉक्टर सोनी ने किया अभिनव कुमार को पौधा भेंट

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहे व पौधा उपहार में देने के प्रेरणास्रोत पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने पुलिस मुख्यालय में एक बैठक के दौरान विशेष प्रमुख सचिव युवा कल्याण एवं खेल उत्तराखंड शासन अभिनव कुमार को तुलसी का पौधा उपहार में देकर स्वागत किया। साथ ही अजय कुमार अग्रवाल राज्य एनएसएस अधिकारी व आनंद सिंह उनियाल अपर निदेशक उच्च शिक्षा को भी एक एक पौधा तुलसी का उपहार में भेंट किया। वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने पौधा उपहार में देने की सीख बचपन में गांव में माता पिता के साथ पौधा लगाने व उन्हें पौधे देने ने दी ।सोनी ने कहा कि मैं तीस सालों से लगातार पौधे निःस्वार्थभाव से अपने पैसो से खरीद कर उपहार व दूल्हा दुल्हन को शगुन में देता हूं ताकि पर्यावरण के प्रति लोग सचेत हो सके और पौधों से लगाव हो सके। फूलो का गुलदस्ता तो कुछ समय के पश्चात कूड़ा बन जाता है लेकिन जो पौधा में उपहार में देता हूं वह पौधा धरती का श्रंगार बनेगा।



बैठक में महावीर सिंह बिष्ट अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा, प्रखर पाल राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त, सुमित पुरोहित (एसजे) राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, अनिल बिष्ट राष्ट्रीय सेवा योजना, कमलेश राणा, सन्तोष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

## भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने किया प्रताप सिंह खाचरियावास का सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग राजस्थान सरकार प्रताप सिंह खाचरियावास का सम्मान किया। इस दौरान सम्मान स्वरूप बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर, श्याम कलम देकर सम्मानित किया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । साथ में दीपक कुमार, ब्रज लाल कुमावत, दौलत, प्रदीप, कैलाश, मुकेश आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## चौमूं विधानसभा में अनूठी पहल : चेयरमैन हरसहाय यादव ने 500 दंपतियों को फोटो युक्त दांपत्य सुख पत्र किए भेंट



**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के मोरीजा रोड स्थित कागलिया वाले हनुमान मंदिर में दांपत्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व प्रधान हरसहाय यादव ने कहा कि शादी में फेरों के वक्त लिए गए सात वचनों का ईमानदारी से पालन ही सुखी दांपत्य जीवन का आधार है। दांपत्य जीवन में पति व पत्नी दांपत्य जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं जो आपसी जीवन की हर एक कठिनाई से पार पा जाते हैं। हर दंपति को फेरों के वक्त अग्नि के समक्ष लिए गए वचनों की पालना करनी चाहिए। हरसहाय यादव द्वारा कार्यक्रम में 500 दंपतियों को उनकी फोटो युक्त दांपत्य सुख पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । आगे भी इसी प्रकार संपूर्ण चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 5000 से अधिक दंपतियों को दांपत्य सुख पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य व किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण दत्त शर्मा एवं चौमूं युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष बागोरिया ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य दंपतियों के यशस्वी, सुदीर्घायु जीवन की मंगल कामना एवं सुखद गृहस्थी जीवन की भावना के साथ जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में पंडित सुदर्शन शर्मा ने फेरों के सात वचनों पर प्रकाश डालते हुए दांपत्य जीवन को ईश्वर का आशीर्वाद बताया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए दांपत्य जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन खादी बोर्ड के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश स्वामी हाडोता ने किया । अंत में भोजन प्रसादी का भी आयोजन हुआ ।

कार्यक्रम में पीसीसी संगठन महासचिव ललित तूनवाल, सचिव सुरेंद्र लंबा, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष गजानंद कुमावत, ओबीसी जिलाध्यक्ष नानुराम कुमावत, ओबीसी नेशनल कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सेन, पीसीसी सचिव माया असवाल, स्टेट कोऑर्डिनेटर सागर मावर, लोकेश सैनी, सचिव अरविंद जायसवाल, कांग्रेसी सीताराम बजाज, छीतरमल जलुथरिया,कमल सिंह यादव ,डॉ. जेपी सैनी, अभिषेक सैनी, गोगराज देवंदा, सियाशरण शर्मा, अभिषेक मोरदिया, कैलाश तिवारी, मुकेश लालनी, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मालीराम यादव, रोहिताश यादव, नरेंद्र अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य पवन वर्मा, अश्विनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।



## राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेडा के सानिध्य में मनाया आरवीएम इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के राधाबाग स्थित आरवीएम इंग्लिश स्कूल में 77 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनायक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेडा रहे। बजरंग सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की । बजरंग सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रहित भाईचारे की भावना से ही देश का विकास हो सकता है । भारत माता के जयकारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का मैडल प्रदान कर सम्मान किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि बनवारी लाल शर्मा जिला महासचिव विराज फाउंडेशन ,चंद्र प्रकाश शर्मा प्रदेश प्रसार मंत्री ने अपने विचारों से सभी विद्यार्थियों को मोटिवेट किया । संस्था प्रधान रामप्रकाश यादव ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अनुराग शर्मा ने आगंतुकों का साफा पहनाकर सम्मान किया। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। इस दौरान टोसिया शर्मा, किरण सेन, मोना सैनी, लालचंद, उमेश कुमार, पूजा, वैशाली, आशा अग्रवाल आदि सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



**क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !**

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9636247286, 9928747286

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# भाजपा युवा नेता शंकर गोरा के नेतृत्व में चौमूं में हुआ ऐतिहासिक तिरंगा रैली का आयोजन






**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा के युवा नेता शंकर गोरा के नेतृत्व में चौमूं गढ़ गणेशजी मंदिर से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

भाजपा युवा नेता शंकर गोरा ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ 3 अगस्त से चौमूं क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों, ढाणियों से होते हुए चौमूं गढ़ गणेश जी मंदिर में विशाल सभा के रूप में आयोजित कर तिरंगा यात्रा के साथ समापन हुआ । शंकर गोरा ने अपने उद्बोधन में भारत माता की जय एवं देश के वीर सपूतों को याद करते हुए कहा की हम आज इस खुली हवा में जो सांस ले रहे हैं,वह हमारे देश के वीर सैनिकों के पराक्रम एवं साहस का परिणाम है । इसलिए हमारे देशवासी अपने घरों पर तिरंगा फहराकर हमारे वीरों को संबल प्रदान करें ।

सभा में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालमुकुंदचार्य महाराज हाथोज धाम ने पधारकर इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा के लिए शंकर गोरा एवं सभी क्षेत्रवासियों की प्रशंसा की और कहा की इस तरह के आयोजन से देशभक्ति की भावना बढ़ती है । सभा के पश्चात यात्रा 351 मीटर के विशाल तिरंगे के साथ रवाना हुई । इस विशाल तिरंगा यात्रा में हजारों महिलाओं ,पुरुषों और बच्चों का उत्साह देखने लायक था। बुजुर्ग एवं युवा साथियों ने देश की शान तिरंगे को अपने हाथो पर उठाकर सामाजिक एकता एवं प्रेम का भाव प्रकट किया ।तिरंगा यात्रा चौमूं गढ़ गणेश मंदिर परिसर से रवाना होकर बस स्टैंड, बावड़ी गेट, लक्ष्मीनाथ जी का चौक, सदर बाजार, चौपड़, नया बाजार, रावण गेट, धोली मंडी, थाना मोड़ होते हुए नगरपालिका के सामने से गढ़ गणेश मंदिर परिसर पहुंची । जहां पर भारत माता के उद्घोष, वंदे मातरम, जय श्री राम के नारों के साथ यात्रा का समापन किया गया।

यात्रा में चौमूं के सभी व्यापारियों एवं आमजन का उत्साह देखते ही बन रहा था । लोगों ने शंकर गोरा को साफा, माला पहनाकर और रैली पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया । शंकर गोरा ने सभी का हृदय से आभार प्रकट किया। रैली में नगरपालिका से लगभग 8 से 10 हजार की संख्या में लोग शामिल हुए ।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता उपेंद्र झालानी, सीताराम बागड़ा ,कजोड़ रेवाड़, अशोक गोरा, सोहन पारीक ,एन आर गौरा, सुरेन्द्र कुमार योगी, गुलाब यादव, सुरेश गोदारा, नीलेश सर्राफ, गिरधारी टेलर ,मुकेश महर्षि, रामलाल रोज, छोटूराम, सीताराम गढवाल ,सरदार, हरी गढ़वाल, श्याम चोपड़ा, झूथाराम गोरा, पुरण ,जगमाल, तेजपाल ,अमित कुमावत ,सुनील चोपड़ा, अमित नायक, सूरज बिवाल, शुभम जांगिड़, अंकित गुर्जर, जगदीश गरेड, मदन, विनय शर्मा, साधुराम गोदारा, लालचंद मान ,सोहन पारीक, अनिल निठारवाल, मनोज, हंसराज, अजय शर्मा, नितेश, सुनील बागड़ा, अमन आदि लोग मौजूद रहे। मंच संचालन ओम पारीक ने किया।



# भाजपा नेत्री डॉ. सुषमा यादव निकाल रही जनसंपर्क यात्रा : जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन



**जयपुर (हमारा वतन)।** भाजपा नेत्री डॉक्टर सुषमा यादव की द्वितीय चरण की जनसंपर्क यात्रा ग्राम देवपुरा स्थित ठाकुर जी के मंदिर में आशीर्वाद लेकर प्रारंभ की गयी । यादव ने ठाकुर जी को माला - प्रसाद चढ़ाकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। डॉक्टर सुषमा यादव ने बताया कि द्वितीय चरण की जनसंपर्क यात्रा देवपुरा में स्थित ठाकुर जी के मंदिर से प्रारंभ हुई जो देवपुरा से गुजरते हुए लोहरवाड़ा, नरसिंहपुरा, खन्नीपुरा, मलिकपुर, सान्दरसर, आलीसर, चारणवास, सीतारामपुरा, नांगल कला, ढोढ़सर, सिंगोद कला, सिंगोद खुर्द, धोबलाई, गोविंदगढ़, अनतपुरा, चिमनपुरा, ईटावा, उदयपुरिया, भोपावास में समाप्त हुई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य पीएम नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को बताते हुए भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 17 अगस्त से 30 अगस्त तक सदस्यता अभियान के तहत अधिक से अधिक सदस्य जोडने और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। जनता से मिलने पर पता चला की जनता अबकी बार विधानसभा चुनाव में परिवर्तन चाहती है । लोगों ने डॉ. सुषमा यादव का जगह जगह माला और साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। दर्जनों गाड़ियों के काफिले का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# सरकार ई रिक्शा के लिए नीति बनाए:अरुण चतुर्वेदी

जयपुर (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डा. अरुण चर्तुवेदी ने जयपुर मे पर्यावरण की रक्षा के लिए ई रिक्शा की जरूरत बताते हुऐ उन्हे परिवहन विभाग के नियमो के तहत लाकर जयपुर शहर की बे तरतीब यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। डा. चतुर्वेदी ने कहा है कुछ रसूखदारों ने ई रिक्शा नीति नहीं होने के कारण गरीब की रोटी छीनने का का काम किया है। डा. चतुर्वेदी ने कहा की जयपुर में हजारों की संख्या में ई रिक्शा चल रहे है इनके लिए कोई नियम और प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क हादसे बढ़ रहे है। साथ ही ई चार्जिंग स्टेशन नही होने के कारण कुछ रसूखदार लोग जिन्होंने बड़ी संख्या में ई रिक्शे खरीद रखे है सरकारी बिजली के खंबो से अवैध रूप से बिजली लेकर ई रिक्शो को चार्ज कर सरकारी कोष को चूना लगा रहे है। डा. चतुर्वेदी ने भारी संख्या में चल रहे ई रिक्शा चालकों की नागरिकता को लेकर भी संदेह प्रकट किया है, साथ ही शहर प्रशासन को ई रिक्शा नीति बनाने के साथ ही उनके सत्यापन कराने की भी मांग करते हुए कहा की जयपुर वासियों की सुरक्षा को देखते हुए ई रिक्शा चालकों और मालिको का सर्वे कराया जाए। उन्होंने कहा है जयपुर में पहले बड़ी संख्या में मानव चालित रिक्शे चलते थे इन रिक्शो के लिए नगर निगम से नीति बनी हुई थी, जिससे गरीब आदमी को रोजगार मिल रहा था लेकीन ई रिक्शा नीति और नियम नहीं होने से वास्तविकता में जिस गरीब को रोजगार मिलना चाहिए, उसकी रोजी-रोटी पर रसूखदार का कब्जा हो गया। नियम के अभाव में शहर प्रशासन गलत और बेतरतीब ई रिक्शा चालकों पर कोई कार्यवाही भी नहीं कर पा रहा है। अकेले जयपुर में इस समय दस हजार से ज्यादा ई रिक्शा चल रहे है जो रामगंज बाजार, ईद गाह, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन की यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे है।



सद्भावना की शपथ

# उद्योग भवन में अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने ली सद्भावना की शपथ



जयपुर(नि.सं.)। सद्भावना दिवस के अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सद्भावना और एकता की शपथ ली। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 20 अगस्त को जयंती प्रतिवर्ष सद्भावना दिवस के रूप में मनाई जाती है। 20 अगस्त को राजकीय अवकाश के कारण आज सद्भावना दिवस मनाया गया। इस दौरान समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, भाषा व धर्म का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद को बातचीत व संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की शपथ ली।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की वित्तीय सलाहकार प्रीति शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आर.के.आमेरिया, एस. एस. शाह, विपुल जानी, संयुक्त निदेशक सी.बी.नवल, आर. के.सेठिया, संजय मामगेन सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती पर विचार गोष्ठी

# लाईब्रेरीज 'नॉलेज मॉल' के रूप में विकसित हो:शासन सचिव




जयपुर (नि.सं.)। लाइब्रेरीज को तकनीक के बदलते दौर में नई जनेरशन की आवश्यकता और सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नवाचार करने होंगे बड़े रीडिंग कॉर्नर के साथ ऑडियो-वीडियो रूम जैसे अध्ययन के आधुनिक तौर तरीको को अपनाने से पाठकों की संख्या में वृद्धि होगी। हमें परम्परागत ढंग से पुस्तकालयों के संचालन के बजाय उनको 'नॉलेज मॉल' बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यह बात स्कूल शिक्षा तथा भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने जयपुर में 'तकनीकी युग में पुस्तकालयों की प्रासंगिकता एवं चुनौतियां' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहीं। जयपुर के राधाकृष्णन राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती के मौके पर राजस्थानी मेडिकल पुस्तकालय संघ (आरएमएलए) के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि रीडर्स की पढ़ने की जिज्ञासा और रूचि की पूर्ति के लिए लाईब्रेरीज की दुनियां में आज ऑडियो बुक से लेकर किंडल प्लेटफार्म और अब 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' (आई) का दौर आ गया है। पुस्तकालयों को नए जमाने की ऐसी तकनीक और बदलावों को परम्परागत पद्धति के साथ समाहित करने की आवश्यकता है, तकनीक से टकराव की प्रवृति को त्यागना होगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के तहत संचालित राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालयों में भी नई तकनीक और नवाचारों को अपनाते हुए उन्हें और अधिक 'रीडर्स फ्रेंडली' बनाने की दिशा में पहल और प्रयास किए जा रहे हैं।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा में पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के प्रोफेसर दिनेश गुप्ता ने गोष्ठी के शुरुआती सत्र में अपने विशेष उद्बोधन में कहा कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के युग में लाईब्रेरीज को 'लाइफ लॉन्ग लनर्स' की जरूरतों को पूरा करने की सोच के साथ कार्य करना होगा। सत्र की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय में दक्षिण एशिया अध्ययन केन्द्र के पूर्व निदेशक प्रोफेसर करोरी सिंह ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में रिसर्च और इनोवेशन पर बल देते हुए कहा कि लाइब्रेरीज नए बदलावों को अपनाने के लिए तैयार करना होगा।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



राजस्थान संवाद

# आज़ादी का अन्नपूर्णा महोत्सव

## 76वीं

वर्षगांठ के शुभ अवसर पर
## 'कोई भूखा न सोए'
की संकल्पना को साकार करते हुए

माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान
श्री अशोक गहलोत द्वारा
## प्रदेश में
मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना
का शुभारंभ




## 1 करोड़ से अधिक परिवारों को होगा लाभ।

25000 से अधिक वितरण केंद्र (उचित मूल्य की दुकान)

सहकारिता विभाग, राजस्थान

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# एक नया इतिहास लिखने का समय

आज हम एक अभूतपूर्व युग से गुजर रहे हैं। एक ऐसी घड़ी जो पूरी तरह से अद्वितीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में लाल क़िले से इस बार इस युग से जुड़े अवसरों और चुनौतियों को विस्तार से देश के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने सिर्फ समस्याओं की बात नहीं की, उनके समाधान और देश के संकल्प की बात भी की। उन्होंने गुलामी के अतीत को पीछे छोड़ कर भविष्य की भव्यता की बात की।हम मानव सभ्यता के इतिहास से बहुत कुछ सीख सकते हैं, पर आज हमारे सामने जो अवसर हैं वे पहले कभी नहीं थे। यह एक नया इतिहास लिखने का समय है। जब कठिन परिस्थितियां आती हैं तो या तो वे आपको तोड़ देती हैं और आप उनके समक्ष थक कर घुटने टेक देते हैं या फिर आगे बढ़कर आप उन्हें अंगीकार करते हैं। और, मुश्किलों से आंख मिलाना ही हमारे देश की रीति है जो प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन में स्पष्ट था।एक ओर आंधी है, चुनौती है, झंझावात हैं पर दूसरी ओर दृढ़ संकल्प हैं, निर्णय हैं, नया सूरज है, नया कल भी है। और, हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हिम्मत को, जीवट को जिताना है, पारदर्शिता से अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने इस जीवट को परिलक्षित किया।वर्षों से हमारे देश को विश्व की ओर ताकने की आदत पड़ गई थी कि पहले देखना कि अन्य देश क्या कर रहे हैं और फिर अपने निर्णय लेना। यह एक प्रकार की गुलामी ही तो थी पर आज का भारत ऐसे नहीं सोचता, संकट की घड़ी में हम अपने समाधान स्वयं सोचने की क्षमता रखते हैं। हम मिलकर वे निर्णय लेते हैं जो हमारे देश के लिए सही हों, उसके लिए हम विश्व का मुंह नहीं ताकते।जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति चाहता है। देश के प्रधानमंत्री ने इस महान यात्रा में पूरे देश से अपनी भूमिका निभाने की ओर भी संकेत दिया।यह जागृत भारत है, जो खुली आंखों से सपने देखता और चुनौतियों से दो हाथ करने के लिए आगे बढ़ता है। हमने वर्षों से सुना कि इंडिया तो जुगाड़ से चलता है, इस शब्द जुगाड़ के हल्के प्रयोग से आज हमें आपत्ति होनी चाहिए क्योंकि यह भारत के सामर्थ्य और भारत के गौरवशाली अतीत के साथ न्याय नहीं है। यह मात्र जुगाड़ की नहीं अविष्कार की भूमि है। आज हमारे युवा, हमारे वैज्ञानिक बार-बार यह सिद्ध कर रहे हैं, स्पष्ट हो रहा है कि हमारा देश विश्व को राह दिखाने की शक्ति रखता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में उन कमियों की भी बात की जो हमें पीछे खींच सकती हैं। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के नकारात्मक प्रभाव के प्रति उन्होंने देश को चेताया जिसे हमें भूलना नहीं चाहिए क्योंकि वे समस्याएं जिन पर हम अक्सर बात करते हैं और उनसे लड़ते हैं, उनसे कहीं बड़ी वे समस्याएं होती हैं ।


राम गोपाल सैनी

**राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेल-2023**

# 2030 तक खेल सहित सभी क्षेत्रों में राजस्थान को नंबर वन बनाना हमारा विजनः मुख्यमंत्री

**■ 10 करोड़ रुपए की लागत से रामप्रताप कटारिया स्टेडियम की घोषणा**



जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों से गांव-ढाणी की खेल प्रतिभाओं को भी आगे आने का मौका मिल रहा है। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा एवं खेल राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में हैं। वर्ष 2030 तक खेल सहित सभी क्षेत्रों में राजस्थान को नंबर वन राज्य बनाना हमारा विजन है। वर्ष 2030 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए आमजन को आगे आकर सुझाव देने चाहिए। गहलोत गुरूवार को मुंडिया रामसर में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक-2023 के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़े स्तर पर खेल का माहौल तैयार करने के लिए गत वर्ष राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया गया था। इसमें लगभग 30 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। यह संख्या इस बार लगभग 60 लाख तक पहुंच गई है। इनमें 25 लाख महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। हर आयु वर्ग के खिलाड़ी इन खेलों में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बन रहा है और एक नई खेल संस्कृति विकसित हो रही है।



**प्रदेश में खेल एवं खिलाड़ियों को मिल रहा प्रोत्साहन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही है। इसी दिशा में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति, सरकारी नौकरियों में आरक्षण, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में कई गुना बढ़ोतरी, खेल मैदानों का विकास जैसे फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से राजस्थान खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है।

**राज्य सरकार की योजनाओं से हर वर्ग को मिल रही राहत**

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में महंगाई एवं बेरोजगारी से राहत देने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 500 रुपए में गैस सिलेण्डर, 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा, महिलाओं को इंटरनेटयुक्त निःशुल्क स्मार्टफोन, अन्नपूर्णा राशन किट, विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग, पशुपालकों को दो दुधारू पशुओं का 40 हजार रुपए का बीमा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को राहत दी जा रही है।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही, निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें 40 हजार नौकरियां दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट युवाओं को समर्पित किया गया था।

# प्राध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 काउंसलिंग

## हिन्दी, अंग्रेजी एवं सामान्य व्याकरण विषय के अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा )प्रतियोगी परीक्षा-2022 के हिन्दी, अंग्रेजी एवं सामान्य व्याकरण विषय की काउंसलिंग के लिए प्रदत्त अवसरों में अनुपस्थित रहे विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए उपस्थित होने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए अभ्यर्थियों को 21 अगस्त 2023 को प्रातः 10 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना होगा। संबंधित अभ्यर्थियों को इस संबंध में पृथक से जरिए एसएमएस भी सूचित किया जा रहा है। आयोग सचिव ने बताया कि 5 अगस्त 2023 को उक्त परीक्षा के तहत 5 विषयों की काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। इसमें अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा 10 अगस्त एवं 16 अगस्त 2023 को काउंसलिंग का पुनः अवसर दिया गया था। इसमें भी उक्त 3 विषयों के कतिपय अभ्यर्थी काउंसलिंग के लिए उपस्थित नहीं हुए। ऐसे अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से निर्धारित दिनांक को आयोग कार्यालय में उपस्थित होना होगा। इसके बाद पात्रता जांच के लिए अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। इसमें अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा परिणाम के लिए विचारित नहीं किया जाएगा।




# टायर वेस्ट प्रबंधन के साथ ईपीआर लक्ष्यों की प्राप्ति में नए आयाम होंगे स्थापित

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में बढ़ती वाहनों की संख्या के साथ टायर वेस्ट का समुचित निस्तारण एक बड़ी समस्या नजर आ रही थी। जिसको मध्यनजर रखते हुए राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं एनजीटी व सीपीसीबी द्वारा समय समय पर उचित दिशा निर्देश जारी किये जाते रहे साथ ही आम जन के साथ हितधारकों के हितों को सर्वोपरि रख कर प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट निस्तारण की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। शिखर अग्रवाल ने कहा कि वाहनों की बढ़ती संख्या के परिणामस्वरूप टायर कचरे के उत्पादन के साथ, ऐसी टायर पायरोलिसिस इकाइयों की स्थापना को सक्षम और प्रोत्साहित करना समय की मांग है जो प्रदूषण का कारण नहीं बनती हैं। आरएसपीसीबी ने तदनुसार कुछ चेतावनियों के साथ निरंतर प्रक्रिया के बाद नई टायर पायरोलिसिस इकाइयों की स्थापना और कंटीन्यूअस बैच प्रकार की मौजूदा इकाइयों के रूपांतरण की अनुमति देने का निर्णय लिया है। आशा है कि इस निर्णय से न केवल टायर प्रसंस्करण इकाइयों में तत्काल निवेश और टायर कचरे का उचित निपटारा हो सकेगा, बल्कि ईपीआर लक्ष्यों की शीघ्र प्राप्ति भी होगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान हितधारकों, सीपीसीबी एवं गहन रिसर्च के पश्चात् यह निर्णय लिया है जिससे उम्मीद यही है कि निश्चित तौर पर टायर वेस्ट का उचित निस्तारण हो सकेगा साथ ही आर्थिक मूल्यों में भी वृद्धि हो सकेगी। इसी के साथ अवैध रेसाइक्लर्स पर भी नजर रखी जा सकेगी।

( कविता )

## मैं आस्तिक हूँ नास्तिक सा

मैं आस्तिक हूँ नास्तिक सा
मैं प्रभु के होने को उतना
ही स्वीकारता हूँ
जितना कि वे नकारते हैं
आदत कहो या दुर्भाग्य
मैं नहीं जा पाता एक
लोटा जल चढ़ाने
पर हाँ, अंतर्मन से चढ़ा देता हूँ
अनगिनत नदियों का जल
कर्पूर और मंदार पुष्प
अपने निर्धारित स्थान से
टस से मस नहीं हो पाते
मैं होना चाहता हूँ मगर मन नहीं
वो कहता है उनको
इसकी क्या जरूरत
उन्हें तो सिर्फ भाव चाहिए
भाव तो कूट- कूट के
भरा है मुझमें
मानों जैसे भक्खू में भूसा... !
आँख बंद करते ही आ जाते हैं
सम्मुख हाँ वही..
जिन्हें न मानते हुए भी,
उनके न होने को
मानते हैं..नास्तिक
असल बात यही है के
उन्हें प्रमाण चाहिए होता है
माना...प्रभु के होने का
प्रमाण चाहिए
किन्तु न होने का प्रमाण
बेजान दरवाज़े पर
जीवंत स्वास्तिक सा
मैं आस्तिक हूँ नास्तिक सा



-सिद्धार्थ गोरखपुरी

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा